# छह उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

## ई-विकास प्रणाणी नहीं अपनाने पर हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना 3 अप्रैल, किसानों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता, समयबद्धता और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए जिले में लागू ई-विकास प्रणाली के उल्लंघन पर प्रशासन ने सख्त कार्यवाही की है।**

कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में 1 अप्रैल 2026 से उर्वरकों का शत-प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किया जाना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद 3 अप्रैल को जिले के 6 उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बिना ई-विकास प्रणाली के किसानों को उर्वरक बेचने का मामला सामने आया। आईएफएमएस पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मे. गुप्ता खाद भण्डार बेला रामपुर बाघेलान, मे. जय कामतानाथ कृषि एवं खाद बीज भण्डार बर्रेह बड़ा अमरपाटन मैहर, मे. कुशवाहा कृषि सेवा केन्द्र बस स्टैण्ड ग्राम सलैया मैहर, मे. सावित्री एग्रो गोरइया रामपुर बाघेलान, मे. किशन खाद एजेंसी कोलगवां सोहावल, मे. चतुर्वेदी एग्रीकल्चर सरिसताल बाबूपुर सोहावल द्वारा बिना ई-विकास प्रणाली के उर्वरकों का विक्रय कृषकों को किया गया है। इसे उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 का उल्लंघन मानते हुए उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास सतना आशीष पाण्डेय द्वारा संबंधित संस्थाओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। निलंबन अवधि के दौरान इन प्रतिष्ठानों द्वारा किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।



### अन्य लाइसेंस धारियों को दी चेतावनी

नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही अन्य सभी उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी दी गई है कि बिना ई-विकास प्रणाली के उर्वरक बिक्री करने पर उनके खिलाफ भी इसी प्रकार की कार्यवाही होगी। सभी विक्रेताओं से केवल ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही उर्वरक बेचने तथा खुली बोरी से बिक्री न करने की अपील की है। किसानों से भी आग्रह किया गया है कि वे ई-विकास प्रणाली के जरिए टोकन बुक कर ही उर्वरक खरीदें, जिससे उन्हें समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध हो सके।

# टी-54 बाघिन का पोड़ी बस्तुआ में सुरक्षित ठिकाना

## संजय टाइगर रिजर्व के जंगल में तीन नन्हे शावकों के मिले पगमार्क

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल, संजय टाइगर रिजर्व की बाघिन टी-54 ने संघर्षों के बाद जंगल में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। दिसंबर 2020 में रेस्क्यू किए गए शावकों में से एक टी-54 जून 2024 में जंगल में छोड़े जाने के बाद अब पोंडी और बस्तुआ क्षेत्र में सफलतापूर्वक अपनी मौजूदगी दर्ज करा रही है।**

इस बाघिन की कहानी दिसंबर 2020 में शुरू हुई थी, जब बाघिन टी-3 के दो शावकों को ब्यौहारी बफर क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया था। इन दोनों मादा शावकों को सुरक्षित रखने के लिए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के एनक्लोजर में रखा गया था।

एक साल बाद शावकों को जंगल में छोड़ा गया । लगभग एक साल बाद 2 दिसंबर 2021 को इन शावकों को जंगल में फिर से बसाने की योजना बनाई गई। एक शावक को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया जबकि दूसरी को संजय टाइगर रिजर्व के मोहन रेंज में छोड़ा गया, जो बाद में टी-32 के नाम से जानी गई। वर्ष 2022 में टी-32 ने दो शावकों को जन्म दिया।

हालांकि 12 मार्च 2023 को टी-32 की अचानक मौत हो गई, जिससे उसके दो छोटे शावक अनाथ हो गए।



जंगल में उनके जीवित रहने की संभावना कम थी। इसके बाद, वन विभाग की टीम ने 17 मार्च 2023 को इन दोनों शावकों को रेस्क्यू कर दुबरी टाइगर एनक्लोजर में सुरक्षित रखा।

### बाघिन टी-54 ने जंगल को बनाया सुरक्षित रहवास

समय के साथ इन शावकों में से एक बाघिन टी -54 के रूप में विकसित हुई। जून 2024 में उसे रेडियो कॉलर लगाकर बस्तुआ क्षेत्र में छोड़ा गया। यह उसकी जंगल में वापसी और आत्मनिर्भरता की परीक्षा थी। लगभग दो वर्षों की निरंतर निगरानी और सुरक्षा के बाद टी-54 ने पोंडी और बस्तुआ क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। उसने साबित कर दिया है कि वह जंगल में न केवल जीवित रहने में सक्षम है, बल्कि पूरी तरह से स्थापित भी हो चुकी है।

### टी-54 के मां बनने से वन विभाग में खुशी

मार्च 2026 में जंगल में तीन नन्हें पगमार्क दिखने से बाघिन टी-54 के मां बनने के संकेत मिले, हालांकि शावक कैमरे में कैद नहीं हो सके, फिर भी वन विभाग में खुशी की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को हुए स्वास्थ्य परीक्षण में टी-54 पूरी तरह स्वस्थ पाई गई, जिसे अधिकारियों ने वर्षों की मेहनत, सतत निगरानी और समर्पण का सफल परिणाम बताया।

### सतना के ध्रुव वीर विक्रम मन की बात के प्रचार के प्रमुख बने



**सतना 3 अप्रैल,** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी आदेश में प्रदेश भर के युवा मोर्चा के पदाधिकारियो के दायित्व सौपे गए हैं. जिसमें सतना के युवा भाजपा कार्यकर्ता ध्रुव वीर विक्रम सिंह को प्रदेश स्तर पर मन की बात के प्रचार-प्रसार का दायित्व सौंपा गया है. भोपाल से भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर की सूची को प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल की सहमति से जारी सूची में ध्रुव वीर विक्रम सिंह के अतिरिक्त अन्य कई पदाधिकारियों के नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं.

# बाइक की टक्कर से गंभीर बुजुर्ग महिला की मौत

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल, जिले के सेमरिया थानांतर्गत ग्राम ओबरहा में आज सुबह सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला को गांव के ही नाबालिग ने तेज रफ्तार बाइक से टक्कर मार दी थी।**

जानकारी के अनुसार, मृतका शकुंतला रावत पत्नी सुखलाल रावत सुबह करीब 8 बजे अपने घर से गेहूं पिसाने जा रही थीं। इसी दौरान गांव का एक नाबालिग तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए आया और अनियंत्रित होकर महिला को टक्कर मार दी। टक्कर से महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सीधी रेफर किया गया। सीधी से रीवा स्थित संजय गांधी अस्पताल ले जाते समय जमोड़ी थाना क्षेत्र के पास शकुंतला रावत ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।



### इनका कहना है

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस चौकी बम्हनी ने मामले को संज्ञान में लिया। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और विवेचना के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**विकास सिंह**
**प्रभारी चौकी बम्हनी**

# रामनई हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, तीन घायल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अप्रैल, रीवा जिले के रामनई हाईवे के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए उन्हें कुचल दिया. हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं.**

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए और हादसे को लेकर आक्रोश जताया. घायलों को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है. वहीं इस दुर्घटना के बाद रीवा जाने वाले मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही.

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करने के साथ जाम खुलवाने का प्रयास शुरू किया. एक की हालत बेहद गंभीर बताई गई है. सभी का उपचार अस्पताल में चल रहा है.



# तीन महत्वपूर्ण ब्लॉकों के प्रस्तावों का बारीकी से हुआ परीक्षण

## चितरंगी तथा दुधमनिया के तीन खनिज ब्लॉकों की नीलामी की कलेक्टर ने की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 3 अप्रैल। चितरंगी तथा दुधमनिया के तीन खनिज ब्लॉकों की नीलामी के संबंध में कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में आयोजित प्री ऑक्शन कमेटी की बैठक में आने वाले नए खनिज ब्लॉकों के पूर्वेक्षण के लिए नीलामी की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।**

बैठक के दौरान मुख्य रूप से तीन महत्वपूर्ण ब्लॉकों के प्रस्तावों का बारीकी से परीक्षण किया गया। सुलखान खुर्द बूढ़ाडोल, मटिहानी, जम्हिलवा, बरगर, बरहवा, बगैया, गौरहवा, प्रस्ताव पर कमिटी के द्वारा परीक्षण कर प्रस्तुत किया गया, कमेटी द्वारा इन ब्लॉकों के तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं की भी जांच की गई।

परीक्षण के पश्चात अब इन प्रस्तावों को अंतिम स्वीकृति और आगामी कार्यवाही के लिए संचालक प्रशासन तथा खनिकर्म को प्रेषित किया जाएगा। बैठक के दौरान खनिज, वन और राजस्व विभाग के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। इसमें अनुविभागीय अधिकारी चितरंगी देवेन्द्र द्विवेदी, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल, एसडीओ फॉरेस्ट नरेन्द्र त्रिपाठी, अधीक्षक भू-अभिलेख मानसिंह मौर्य, ईई पीडब्ल्यूडी तेजस्विनी, एसडीओ जल संसाधन विभाग, सहायक खनिज अधिकारी रामसुशील मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# स्मैक के साथ आरोपी पकड़ाया

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल, केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने और जिले से नशे की जड़ें काटने हेतु पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना बहरी पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राजेश पाण्डेय को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लौआ का निवासी अजय रावत, लौआ देवी मंदिर परिसर में अवैध नशीले पदार्थ स्मैक की बिक्री करने के उद्देश्य से ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल योजना बनाई और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदेही ने भागने का प्रयास किया, जिसे स्टाफ के द्वारा काबू किया गया। गवाहों की मौजूदगी में आरोपी अजय रावत की तलाशी ली गई, जिसमें उसकी जेब से 4 ग्राम 26 मिलीग्राम स्मैक बरामद हुई। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 12,000 रुपये है। इसके अतिरिक्त आरोपी के पास से तस्करी में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी अजय रावत के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21, 22 एवं 29 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। नशे के विरुद्ध इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय, आरक्षक चैतन्य मिश्रा, आरक्षक राजकमल भुर्तिया एवं हमराही स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीधी पुलिस ने आम जन से अपील किया है कि नशे के अवैध कारोबार की सूचना पुलिस को दें ताकि नशा मुक्त भारत% का संकल्प पूरा किया जा सके।

# पड़ोसी ही निकला महिला का कातिल, चोरी की नीयत से घुसा था घर में

## महिला के जागने पर उतारा मौत के घाट, पहचान छिपाने काटा सिर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अप्रैल, बिछिया थाना अन्तर्गत लोही ब्रिज के पास हुए जघन्य हत्या का पुलिस ने खुलासा किया. हत्या के आरोपी को कटे जूते की वजह से धर दबोचा.**

पुलिस कंट्रोल रूम में एएसपी आरती सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि चोरी के नियत से आरोपी महिला के घर में घुसा था और मृतिका के जाग जाने के बाद आरोपी ने उसकी हत्या कर दी और पहचान छिपाने के लिये महिला का सिर काट कर दूर फेंक दिया ताकि कोई पहचान न सके.

बताया गया कि थाना बिछिया क्षेत्र के लोही ब्रिज के पास गांव में एक महिला की सर कटी लाश पड़ी होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूंछताछ पर सर कटी महिला के शव की पहचान लीलावती पटेल उम्र लगभग 50 वर्ष के रूप में की. वही पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद घर से कुछ ही दूरी पर एक खेत में महिला का सर पुलिस ने बरामद करते हुए जांच करना शुरू कर दिया जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि महिला के घर में अत्यधिक मात्रा में खून फैला हुआ मिला जिस पर प्रतीत हुआ की आरोपी के द्वारा किसी धारदार हथियार से महिला की गला काट कर उसकी हत्या की गई है. वही पुलिस ने थाना बिछिया जिला रीवा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 118/2026 धारा 103(1), 238 (ए) बी. एन. एस. पंजीबद्ध कर जांच शुरू की. हत्या का खुलासे को लेकर एसपी ने अलग-अलग तीन टीम गठित की थी.



### संदेह होने पर आरोपी को दबोचा

घटना स्थल के आस पास व होटल, ढावों एवं सडक में लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज खंगालते हुए आसपास बारीकी से पूछताछ शुरू कि गई जिससे पुलिस टीम को पृछताछ पर एक व्यक्ति पर संदेह हुआ जिसकी पहचान मृतिका के पडोस में रहने वाला राजा केवट के रूप में हुई. पुलिस ने तत्काल राजा केवट पिता दुर्गा केवट उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम लोही थाना बिछिया को अभिरक्षा में ले कर घटना के संबंध मे बारीकी एवं तकनीकी रूप से पूंछतांछ की गई, जिसमें राजा केवट ने स्वीकार किया मृतका लीलावती पटेल के घर में वह चोरी की नीयत से घुसा था जब वह चोरी कर रहा था तभी महिला लीलावती पटेल जग गई जिससे राजा केवट ने लीलावती पटेल कि हत्या कर दी वही शव कि पहचान ना होने पाए इसलिए आरोपी ने मृतक महिला का सर धड़ से अलग कर घर से दूर खेतों में फेक दिया वही पुलिस ने आरोपी को कटे जूते के निशान कि वजह से धर दबोचा.

# कुएं में मिला महिला का शव

## प्रेम प्रसंग की आशंका पर परिजनों का हंगामा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 3 अप्रैल। जिले के गोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिताही में आज शुक्रवार तड़के एक महिला का शव कुएं में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए। परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताते हुए जमकर हंगामा किया और उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए।**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान दिव्या भारती उम्र 30 पत्नी जग्यलाल साकेत निवासी चिताही के रूप में हुई है। बताया गया कि बीती रात दिव्या अपने एक बच्चे के साथ अलग कमरे में सो रही थी, जबकि उसका पति दो अन्य बच्चों के साथ दूसरे कमरे में था। शुक्रवार की प्रात: जग्यलाल का भतीजा महुआ बनाने के लिए घर से निकला, तभी उसने कुएं के पास अपनी चाची की चप्पल देखी। शक होने पर उसने कुएं में झांककर देखा तो दिव्या का शव पानी में उतराता मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तत्काल गोरबी पुलिस को सूचित किया गया। मोरवा थाना प्रभारी टीआई डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी रूद्रप्रताप सिंह ने एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल पहुंच गये और घटना की जानकारी हासिल किया।



### मायके पक्ष वालों ने किया हंगामा

घटनास्थल पर मृतिका के मायके पक्ष वालों ने हंगामा शुरू कर दिया। पहले उनका कहना था कि जब तक जिला कलेक्टर और एसपी मौके पर नहीं पहुंचेंगे, तब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा और रीवा मेडिकल कॉलेज में शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए अड़े हुये थे। पुलिस ने समझास देकर मामले को शांत कराया। वहीं पुलिस के प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार पति-पत्नी के बीच इस बात को लेकर विवाद होता रहता था। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है और हर पहलू से जांच की जा रही है।

### स्कूल चलें हम अभियान में भविष्य से भेट कार्यक्रम आज

**सतना 3 अप्रैल,** स्कूल चलें हम अभियान के तहत भविष्य में भेंट कार्यक्रम 4 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। जिले के द्वितीय श्रेणी अधिकारियों को विभिन्न शालाओं में भेजा जायेगा। जहां वे कालखंड में बच्चों के साथ संवाद करेंगे और उनका उत्साहवर्धन करेंगे। कलेक्टर मैहर रानी बाटड द्वारा जारी आदेश में अपर कलेक्टर मैहर संजना जैन को सीएम राइज मैहर भेजा गया.

# धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम बने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता

नवभारत न्यूज

**सीधी 3 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से पार्टी के मीडिया विभाग में बड़े स्तर पर पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार प्रदेशभर से 23 नेताओं को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।**

इस सूची में सीधी जिले के लिए गौरव की बात सामने आई है, जहां धौहनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक कुंवर सिंह टेकाम को प्रदेश प्रवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।जैसे ही यह नियुक्ति पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, सीधी जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई।

कार्यकर्ताओं ने इसे जिले के राजनीतिक कद में वृद्धि के रूप में देखा और जगह-जगह बधाइयों का दौर शुरू हो गया। इस नियुक्ति से प्रदेश स्तर पर सीधी जिले की सीधी भागीदारी बढ़ेगी सरकार और संगठन की बात मजबूती से रखने का अवसर मिलेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उपाध्याय अग्रवाल ने नियुक्ति पत्र जारी किया, उसके अनुसार पार्टी ने मीडिया प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की हैं। इसमें वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेताओं को शामिल कर संतुलित टीम तैयार की गई है।



# वर्ष 2026-27,कक्षा 9वीं से 12वीं तक स्थानीय शुल्क निर्धारित

## हाई स्कूल में 580 रुपये, उच्च माध्यमिक में 700 रुपये वार्षिक शुल्क, अतिरिक्त शुल्क वसूली पर प्राचार्य के खिलाफ होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 3 अप्रैल। जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक स्थानीय शुल्क के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं।**

विभाग द्वारा जारी आदेश में सभी विद्यालयों में शुल्क की एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए शुल्क का स्पष्ट विवरण दिया गया है। डीईओ एसबी सिंह के द्वारा कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर जारी निर्देशों के अनुसार कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों से विज्ञान शुल्क 30 रुपये, क्रीड़ा शुल्क 120 रुपये, स्काउट/गाइड 30 रुपये, रेडक्रॉस 20 रुपये, क्रियाकलाप 20 रुपये, कैरियर एवं रोजगार 10 रुपये, त्रैमासिक परीक्षा शुल्क 100 रुपये, अर्धवार्षिक परीक्षा शुल्क 100 रुपये तथा वार्षिक व प्री-बोर्ड परीक्षा एवं पोर्टल शुल्क 150 रुपये लिया जाएगा। इस प्रकार कुल 580 रुपये प्रतिवर्ष निर्धारित किए गए हैं। डीईओ ने निर्देशित किया कि शुल्क जमा करने के तुरंत बाद रसीद देना अनिवार्य होगा तथा शुल्क विवरण विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाए। निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने या नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित प्राचार्य के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता मानते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।




### एससी-एसटी, संबल एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को विशेष छूट

बताया गया है कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान शुल्क 50 रुपये, क्रीड़ा शुल्क 200 रुपये, स्काउट/गाइड 50 रुपये, रेडक्रॉस 20 रुपये, क्रियाकलाप 20 रुपये, कैरियर एवं रोजगार 10 रुपये, त्रैमासिक परीक्षा शुल्क 100 रुपये, अर्धवार्षिक परीक्षा शुल्क 100 रुपये तथा वार्षिक व प्री-बोर्ड परीक्षा एवं पोर्टल शुल्क 150 रुपये निर्धारित है। कुल मिलाकर 700 रुपये प्रतिवर्ष शुल्क लिया जाएगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबल योजना में पंजीकृत अभिभावकों के बच्चे तथा एससी-एसटी वर्ग के वे विद्यार्थी जो प्रथम अवसर में परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, उनसे केवल 25 रुपये पोर्टल शुल्क लिया जाएगा। वहीं दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों सीडब्ल्यूएसएन को पूर्णत: नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी और उनसे किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99